हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 13 सितंबर 2025

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 नपा कर्मचारियों ने 65 आवारा मवेशियों ...



08 मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाडली बहनों के खाते में...



### एक जेसीबी, पोकलेन और हेमर का किया उपयोग चेंबर में फंसी फर्सी, की सफाई

# सफाई करने पहुंची नपा की टीम तो व्यापारियों ने किया विवाद, विधायक के हस्तक्षेप से हटा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम शहर के जय स्तंभ चौक बाजार क्षेत्र में नाली पर हुए पक्के निर्माण को हटाने के दौरान हंगामा हुआ। कुछ व्यापारियों ने नाली में जमा गंदा पानी सड़क पर एकत्र होने और नाली के कुछ हिस्से से ही पक्के अतिक्रमण हटाने का विरोध हुआ। सुबह 10 बजे नगरपालिका का अमला जेसीबी और पोकलेन मशीन लेकर पहुंचा और नाली पर बने पक्के निर्माण तोड़ने पहुंचा था। इस बीच कुछ व्यापारियों ने इसका विरोध करने लगे। व्यापारियों ने नगर पालिका सीएमओ और अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी की। कुछ व्यापारियों का कहना था कि नाली के अलावा नाले पर पक्की-पक्की दुकान बनी है। सफाई नहीं होने से बारिश में पानी ओवरफ्लो होकर बाजार में भरता इसलिए नाले पर से अतिक्रमण हटाना चाहिए। लेकिन नगर पालिका अमला नाली पर बने पक्के निर्माण तोड़ रहा है। बड़े व्यापारियों के दुकान के सामने से अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा।

### नाले में फंसी फर्सियां निकाली

स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि पीछे नाले में टूटकर फर्सी फंस गई जिसके चलते जल निकासी में व्यवधान उत्पन्न हो रहा था। दुकान को खाली कराकर जेसीबी और पोकलेन से फर्सियां निकाली गई। इस दौरान करीब 12-15 फर्सियां थीं जिसके कारण उस चेंबर में थर्माकोल, पन्नी और कचरे की बंधी पोटली भी फंसी पाई गई। सभी को साफ कराया गया है अब जल निकासी सुचारू हो गई।



### नाली का चौड़ीकरण किया

उपयंत्री अंबक पाराशर ने बताया कि नीचे बाजार में तीन फिट की नाली को डेढ़ फिट की कर दिया गया था। मिट्टी और गाद फंसी हुई थी। जेसीबी, पोकलेन और हेमर से अतिक्रमण दल द्वारा नाली से अतिक्रमण हटाया गया और जल निकासी सुचारू कराई गई।

### जारी था अवैध करोबार

नालियों के ऊपर हुए पक्के निर्माण जेसीबी से हटाएं गए। जिस जगह से पक्के अतिक्रमण तोड़े। अवैध सट्टा लिखाने वाली दुकान के सामने भी जेसीबी का पंजा चला। टीन शेड के तारों को कटर मशीन से काटा गया।

### विधायक डॉ शर्मा ने किया निरीक्षण



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव द्वारा बाजार क्षेत्र में चल रही नपा की कार्रवाई का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जल भराव की समस्या का समाधान करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक डॉ शर्मा के साथ नपा में विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, अर्पित मालवीय, पूनम मेषकर, अजय सैनी और व्यापारीगण उपस्थित रहे।

### क्यों हुआ विरोध

जयस्तंभ चौक पर नपा की कार्रवाई का विरोध व्यापरियों ने इस कारण किया क्योंकि वर्षो से बनी व्यवस्था को नपा द्वारा हटाया जा रहा था वहीं दुकानों के सामने एवं नालियो पर पक्का अतिक्रमण कर सामान जमा लिया गया था। जिसके हटने से उन्हें नुकसान हो रहा था।

### कैसे बन गई जल भराव की स्थिति

नाले में जल भराव की स्थिति एकाएक निर्मित नहीं हुई। अपितु लंबे समय से नाले की सफाई न होना और अवैध अतिक्रमण इसकी मुख्य वजह बना। नपा बारिश पूर्व नाले नालियों की सफाई तो की जाती है लेकिन वह मात्र खाना पूर्ति तक ही सीमित रह जाती है। असल में नाले में कचरा लगातार आते रहता है जो इस तरह की परिस्थितियां निर्मित करता है।

### अन्य स्थानों पर भी यही स्थिति

नपा द्वारा जो कार्रवाई की गई उसकी व्यापारियों द्वारा प्रशंसा जरूर की गई है लेकिन शहर में अनेक कालोनियां अब है जिनमें नालियां या तो चौक हो गई हैं अथवा अतिक्रमण की वजह से उनका अस्तित्व ही मिट चुका है जिनमें मालाखेड़ी स्थित चौराहे जैसे क्षेत्र शामिल है जहां नपा का स्वच्छता अभियान काम नहीं करता है।

# यातायात नियमों का पालन न करने पर वसूला जुर्माना

### यातायात सुरक्षा सप्ताह जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश अनुसार सोहागपुर पुलिस द्वारा 15 दिनों का सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसमें यातायात के नियमों का पालन ना करने वालों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान दौरान मुख्य तेज गति से वाहन चलाने वालों तथा हेलमेट व सीट बेल्ट के बिना वाहन चलाने वालों सहित अंडर एज वाहन चालकों पर कार्यवाही की जा रही है। वहीं वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करना या शराब पीकर वाहन चलाना, ओवर लोडिंग, बिना लाइसेंस, बिना फिटनेस, बिना परमिट आदि के वाहन चलाने पर भी कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान नौ से 11 सितंबर तक 45 प्रकरणों में 17 हजार 700 रुपये का जुर्माना किया गया है। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### नाली हुई ओवरफ्लो सड़क पर बह रहा पानी



**सेमरी हरचंद।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 जो की स्टेट हाईवे से लगा हुआ है यहां अंडरग्राउंड नाली के ओवरफ्लो होने से नाली का पानी बहकर सड़क पर फैल रहा है जिसकी गंदगी आई सी आई सी आई बैंक तक फैल रही है ग्राम वासियों से पूछने पर उन्होंने बताया कि लंबे समय से नाली सफाई नहीं होने के कारण बदबू पूरे क्षेत्र में फैल रही है ग्राम पंचायत में शिकायत की है। वही ग्राम पंचायत सचिव से पूछने पर उन्होंने बताया कार्यालय में उक्त नाली की ओवरफ्लो से संबंधित शिकायत की गई है जल्द ही नाली की सफाई करवा दी जाएगी।

# सेवा पखवाड़ा अभियान के लिए भाजपा की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश में सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितम्बर से दो अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया जाना है। अभियान अंतर्गत जनसेवी एवं जन जागरण गतिविधियों स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, प्रदर्शनी, रक्तदान शिविर, प्रतियोगिता कार्यक्रम होंगे। अभियान के सफल एवं व्यवस्थित संचालन के लिये सोहागपुर मंडल स्तर पर एक महत्वपूर्ण बैठक आज विधायक विजयपाल सिंह के स्थानीय निवास पर आयोजित की जा रही है। सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज एवं मंडल प्रतिनिधि विजय नन्नू छाबड़िया ने बताया कि बैठक में सांसद दर्शनसिंह चौधरी व विधायक विजयपाल सिंह की उपस्थिति में अभियान की रूपरेखा, तिथि अनुसार कार्यक्रम विभाजन तथा प्रत्येक गतिविधि के लिए जिम्मेदार पदाधिकारियों का निर्धारण किया जाएगा। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल ने बताया कि विधायक निवास सोहागपुर में आज दोपहर दो बजे बैठक की जाएगी।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज लंबित प्रकरणों का करा सकेंगे निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में शनिवार को प्रातः 10:00 बजे से सायं 4 तक, जिला न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। तत्संबंध में उप महाप्रबंधक (संचा./संधा) म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. नर्मदापुरम ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत न्यायालय में लंबित प्रकरणों में निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त-कृषि, 5 किलोवॉट भार तक के गैर-घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औधोगिक उपभोक्ताओं निम्नानुसार छूट दी जावेगी।

लिटिगेशन स्तर पर सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। प्रि-लिटिगेशन स्तर पर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की द र से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में नर्मदापुरम वृत के अन्तर्गत लंबित (विचाराधीन) 604 नम्बर राशि रूपये 327.25 लाख के लिटीगेशन प्रकरण एव प्री-लिटीगेशन के 16739 नम्बर राशि रूपये 1669.24 लाख के प्रकरणों सहित कुल 17343 नम्बर राशि रूपये 1996.44 लाख के प्रकरणों में, नेशनल लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट, आंकलित सिविल दायित्व की राशि रूपये 10 लाख तक के प्रकरणों में सीमित रहेगी। अपने विद्युत प्रकरणों के लम्बित नोटिस/प्रकरणों के बारे में जानने के लिये अपने बिजली कार्यालय में सम्पर्क करें। सामान्य विद्युत देयको के विरूद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी।

# डॉ. अरोरा द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्व. सुरेन्द्र सिंह अरोरा और स्व. परवीन अरोरा की स्मृति में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 14 सितंबर 2025, रविवार को गुरु नानक मेडिकल सेंटर, लक्कड़गंज, चामुंडा चौराहा, इटारसी में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। इस शिविर का आयोजन डॉ. ताविश अरोरा (एमबीबीएस, एमडी – मेडिसिन) कर रहे हैं, जो अपोलो अस्पताल, दिल्ली से आईडीसीसीएम (इंटेंसिव केयर) में विशेषज्ञ हैं और एक जनरल फिजिशियन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट हैं।शिविर के दौरान मरीजों का निःशुल्क रक्तचाप, मधुमेह और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। आयोजकों ने सभी से अनुरोध किया है कि वे अपने साथ अपनी पुरानी मेडिकल फाइलें और वर्तमान में चल रही दवाइयां लेकर आएं ताकि बेहतर जांच और परामर्श दिया जा सके।यह पहल लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से की गई है।

### सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रहेगा जारी

**नर्मदापुरम।** प्रदेश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जन-भागीदारी, स्वच्छता, सेवा और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को बढ़ावा देना, नागरिकों में स्वच्छता, सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना तथा ₹सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास और वोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त करना है। इस दौरान नागरिकों को विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जाएगा।

# शहतूती प्रौद्योगिकी प्रदर्शन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा संचालित अभियान 'मेरा रेशम मेरा अभिमान' कार्यक्रम के तहत शासकीय रेशम केन्द्र, गाडरवाड़ा-खुर्द, तहसील-बनखेड़ी, जिला-नर्मदापुरम में केन्द्रीय रेशम बोर्ड एवं राज्य रेशम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय क्षेत्र प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में शासकीय रेशम केन्द्र, गाडरवाड़ा खुर्द से जुड़े समस्त पंजी कृत तथां कृषकों के साथ कृमिपालन करने वाले कृषकों ने उत्साहपुर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में पी.वी. दिनेश कुमार, वैज्ञानिक-बी, वरिष्ठ तकनीकी सहायक गमेर सिंह कितावत, अर्जुन सिंह कितावत, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, नर्मदापुरम तथा राज्य रेशम विभाग से प्रक्षेत्र अधिकारी श्याम कुमार यादव, प्रहलाद पटेल, प्रदीप सोनी, महेन्द्रगिरी, जीवनलाल विश्वकर्मा एवं विश्वनाथ पलिया बनखेड़ी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ वैज्ञानिक-बी, पी.वी. दिनेश कुमार ने उपस्थित कृषकों के स्वागत से किया। उन्होंने ₹मेरा रेशम मेरा अभिमान' के उद्देश्य एवं महत्व की जानकारी दी तथा शहतूती प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन के बारे में कृषकों को विस्तार से समझाया तथा शहतूत पौधों मे रोगों के लक्षणों के आधार पर बचाव के उपाय तथा पोषण के प्रयोग करने की तकनीक का प्रदर्शन कर कृषकों के साथ जानकारी साझा की।

# राष्ट्रपति अवॉर्ड स्काउट छात्र नीरज का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारत स्काउट एवं गाइड को पिछले दिनों राष्ट्रपति अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। अवार्ड लेकर लौटे स्काउट नीरज अग्रवाल का शुक्रवार को समेरिटंस विद्यालय में विद्यालय संचालन समिति और विद्यालय प्रबंधन समिति ने किया। इस अवसर पर निरजबके पूरा आनंद अग्रवाल भी उपस्थित थे। छात्र का सम्मान करने वालों में विद्यालय संचालन समिति सदस्य, प्राचार्य प्रेरणा रावत, स्काउट शिक्षक लखन सोनी, गणेश भैंसारे, राजेंद्र रघुवंशी आदि शामिल रहे।

# विद्यार्थियों को निशुल्क सिखाए जाएंगे तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन जैसे सॉफ्ट स्किल्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के हित में ध्यान के माध्यम से सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट सर्टिफिकेट कोर्स संचालित करने का अहम निर्णय लिया गया है। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ रामकुमार चौकसे ने बताया कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों की सबसे बड़ी समस्या है तनाव। देखा जा रहा है कि प्रतिस्पर्धा के दौर में विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षाओं, साक्षात्कार आदि का तनाव तेजी से बढ़ रहा है। जिसके लिए विद्यार्थियों में हार्ड स्किल के साथ इमोशनल इंटेलिजेंस, समय प्रबंधन जैसे सॉफ्ट स्किल्स होना भी अनिवार्य है। उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय का प्रयास हमेशा रहा है कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो। इस उद्देश्य से हार्टफुलनेस संस्थान हैदराबाद के साथ एमओयू किया है। जिसके अंतर्गत हार्टफुलनेस संस्था द्वारा विद्यार्थियों के लिए निशुल्क 30 घंटे का सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किया जा रहा है। इस सर्टिफिकेट कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थीयों को तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन, स्वयं से जुड़ना, समाज से जुड़ना, एकाग्रता में वृद्धि के लिए तकनीकें आदि सिखाई जाएंगी।

# एशिया कप जीतने के बाद विवेक सागर का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

हाल ही में एशिया कप जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य विवेक सागर का गुरुवार को उनके गृह नगर इटारसी में जोरदार स्वागत किया गया। हॉकी नर्मदापुरम के सदस्यों ने विवेक सागर के निवास पर पहुंचकर उन्हें उनकी शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस अवसर पर, हॉकी नर्मदापुरम के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर, साजिद मलिक, इदरीस खान, आशीष शर्मा, सर्वजीत सिंह सैनी, डीमू बेस और शफीक कुरैशी जैसे प्रमुख सदस्य उपस्थित थे। उन्होंने विवेक सागर को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त किया।विवेक सागर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत पूरी टीम की कड़ी मेहनत का नतीजा है। उन्होंने भविष्य में भी देश के लिए बेहतर प्रदर्शन करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### अब 1266.1 मिमी वर्षा दर्ज, पिपरिया में देर रात हुई सर्वाधिक बारिश

# मौसम : नर्मदापुरम में देर रात हुई तेज बारिश, मौसम में घुली ठंडक 15 सिंतबर को तेज बारिश होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। गुरुवार को दिनभर की गर्मी और उमस के बाद रात में तेज बारिश ने लोगों को राहत दी। रात 8:15 बजे से 9:30 बजे तक करीब सवा घंटे तक नर्मदापुरम में अच्छी बारिश हुई। इसके साथ ही पिपरिया, सोहागपुर और आसपास के इलाकों में भी बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार सुबह से मौसम साफ है और तेज धूप निकलने के बाद दोपहर में फिर से गरज-चमक के साथ बारिश हुई।

### गत वर्ष हुई थी 1197.1 मिलीमीटर औसत वर्षा

जिले में 1266.1 अब तक मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1197.1 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 11 सितम्बर से 12 सितम्बर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 30.2 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 1.0 मिलीमीटर, इटारसी 7.4 मिलीमीटर, माखननगर में 10.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 1.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 57.6 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 0.0 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 1.0 एवं तहसील डोलरिया 5.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।



अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 941.50 फीट है, तवा जलाशय का 1165.70 फीट है, बरगी जलाशय का 422.76 मीटर एवं बारना जलाशय 348.53 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है। वहीं तवा डैम के गुरुवार को 3 गेट खोले गए थे, लेकिन शाम तक 2 गेट बंद कर दिए गए। इसके बाद शुक्रवार सुबह से 1 गेट से करीब 2 फीट पानी छोड़ा जा रहा है।

मौसम वैज्ञानिक वी.एस. यादव ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से एक कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है और मानसून ट्रफ लाइन सक्रिय हो रही है। इसका असर 14 सितंबर के बाद मध्यप्रदेश के कई हिस्सों में देखने को मिलेगा। 13 और 14 सितंबर को हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 15 सितंबर को भारी बारिश की संभावना जताई गई।

# छात्राओं को जागरूक करने छात्रावास में हुआ कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संकल्प हब फार एम्पावरमेंट आफ वुमन अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया के मार्गदर्शन में शुक्रवार को वन स्टाप सेंटर नर्मदापुरम के द्रारा शासकीय जनजातीय महाविद्यालय कन्या छात्रावास आनंद नगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में बालिकाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करना एवं उन्हें विज्ञान एवं प्रौघोगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रर्दशन हेतु प्रेरित करना है, कार्यक्रम में वन स्टाप सेंटर से प्रदान की जाने वाली सेवाओं की जानकारी, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 की जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम मे छात्रावास अधीक्षक सीमा गौर, वन स्टाप सेंटर केसवर्कर नेहा चण्डालिया, पूजा खरवार, पुष्पा वर्मा तथा छात्राएं उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### नपाध्यक्ष ने दी सहायता राशि



**सारनी।** नपा परिषद सारनी के वार्ड क्रमांक 23 के रहवासी मायाराम बचले का विगत रात्रि लंबी बीमारी से निधन हो गया। उनके परिवार एवं पुत्र अमित बचले को नगरपालिका सारनी के अध्यक्ष किशोर बरदे ने शासन की योजना अंतर्गत अंत्येष्टि की राशि प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने शोक संतृप्त परिवार को संवेदना प्रकट की।

### विद्युत केबलीकरण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाहपुर।** नागरिकों और व्यापारी संघ ने बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचकर बिजली अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि कई वर्षो से नगर की प्रमुख गलियों में बिजली खुले तारों से सप्लाई की जा रही है। जिससे चिंगारी भी निकलती है। इन तारों के केबलीकरण की मांग व्यापारी संघ ने की। जिससे कि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। व्यापारी संघ का कहना है कि विगत 7 वर्ष पूर्व इन तारों के केबलीकरण को लेकर विभाग द्वारा पहल की गई थी, लेकिन अभी तक केबलीकरण नहीं हुआ। बिजली अधिकारी महेंद्र प्रजापति ने बताया कि इस समस्या को हम शासन के उच्च अधिकारी के समक्ष रखेंगे। वर्तमान में तारों की समस्याओं का निराकरण शीघ्र करेंगे।

### तहसीलदार ने खराब फसलों का सर्वे करने निर्देश

**भैंसदेही।** अतिवर्षा और पीला मोजेक से खराब हुई फसलों के सर्वे कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश तहसीलदार भैंसदेही ने राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों को दिये है। निरीक्षकों और पटवारियों को जारी निर्देश पत्र में कहा गया है कि खराब हुई फसलों का सर्वे करे और पंचनामा तहसील कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करे।

### लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा नहीं तो रोका जाएगा वेतन

# राजस्व वसूली में गिरावट पर सीएमओ सख्त, निरीक्षकों को वसूली का दिया लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



नगरपालिका के राजस्व वसूली में लगातार गिरावट आ रही है। इसे लेकर सीएमओ सख्त हो गये है। यहां तक कि सीएमओ ने पिछली बैठक में चेतावनी दी कि यदि राजस्व निरीक्षकों द्वारा निर्धारित समयसीमा में वसूली नहीं बढ़ी, तो शोकाज नोटिस और वेतन काटने जैसी कार्रवाही तक की जायेगी। दरअसल नगरपालिका के वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल राजस्व मांग 11 करोड़ 63 लाख रुपए की है, जबकि अप्रैल से अभी तक महज 1 करोड़ 62 लाख रुपए ही वसूले जा सके हैं। यही कारण है कि नगरपालिका की वित्तीय स्थिति दिनोंदिन खराब होते जा रही है। सीएमओ ने साफ कहा कि राजस्व वसूली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिसका प्रदर्शन खराब होगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं बेहतर काम करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। संकेत साफ हैं कि अगले तीन महीने नगरपालिका प्रशासन के लिए परीक्षा की घड़ी होंगे। अगर वसूली में सुधार नहीं हुआ तो न केवल कर्मचारियों के वेतन का संकट और गहराएगा बल्कि प्रशासनिक अमले में बड़े फेरबदल देखने को मिल सकते हैं।

### प्रत्येक निरीक्षक को वसूली का दिया लक्ष्य

शहर के 33 वार्डों में कार्यरत 17 सहायक राजस्व निरीक्षकों को अगले तीन महीनों में वसूली का लक्ष्य सौंपा। उन्होंने कहा वसूली में सुस्ती किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूप से बकायादारों से संपर्क करें और उन्हें बकाया राशि जमा करने के लिए प्रोत्साहिक करें। सीएमओ ने कहा कि लंबे समय से एक ही वार्ड में पदस्थ निरीक्षकों के स्थानीय लोगों से बने व्यक्तिगत संबंधों के कारण राजस्व वसूली का काम प्रभावित हो रहा है। राजस्व वसूली की गति बढ़ाने के लिए सीएमओ ने सभी निरीक्षकों को प्रतिदिन कम से कम 25 से 50 हजार रूपये की वसूली के निर्देश दिये है। जिसके बाद राजस्व निरीक्षकों में हडक़ंप मचा हुआ है।

### आज 13 सितंबर की लोक अदालत से उम्मीदें

नगरपालिका में 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होना है। जिसे लेकर बकायादारों को 15 दिन पहले ही नोटिस जारी कर राशि जमा करने के लिए कहा गया है। नगरपालिका के वरिष्ठ राजस्व अधिकारी ब्रजगोपाल परते ने बताया कि इस लोक अदालत से पहले बड़े से बड़े बकायादारों को नोटिस जारी किए है और उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर राजस्व जमा करने के लिए प्रेरित किया गया। लोक अदालत के माध्यम से राजस्व वसूली में अच्छा सुधार की संभव है। बता दे कि साल दर साल नपा की डिमांड बढ़ते जा रही है। पिछले कुछ सालों में नपा की डिमांड जहां 6 करोड़ हुआ करती थी, वहीं अब बढक़र 11 करोड़ के लगभग पहुंच गई है।

### 1 करोड़ 62 लाख की वसूली

नगरपालिका के राजस्व निरीक्षकों द्वारा विगत पांच माह में 1 करोड़ 62 लाख रूपये की ही वसूली की है। जो कुल वसूली का मात्र 13.92 प्रतिशत है। जबकि नगरपालिका की इस वर्ष की कुल डिमांड 11 करोड़ 63 लाख 93 हजार 135 रूपये की है, जबकि अभी तक मात्र 1 करोड़ 62 लाख 3 हजार 105 रूपये ही नपा वसूल कर पाई है। जिसमें सबसे कम वसूली दुकान/भवन भूमि किराया है। नपा को 84 लाख 87 हजार 81 रूपये वसूला है, जिसमें से नपा अभी तक मात्र 4 लाख 14 हजार 643 रूपये की वसूल सकी है, जो कि वसूला का मात्र 4.89 प्रतिशत है।

**नगरपालिका की राजस्व वसूली की स्थिति**

| कर का नाम | कुल मांग | कुल वसूली |
|---|---|---|
| संपत्ति कर | 40883440 | 8003513 |
| समेकित कर | 8526357 | 1020833 |
| सामान्य जलकर | 828124 | 133652 |
| जल शुल्क | 36383621 | 3734342 |
| दुकान/भवन भूमि किराया | 8487081 | 414643 |
| शिक्षा उपकर | 9906726 | 1345007.5 |
| नगरीय विकास उपकर | 11377786 | 1551114.5 |
| योग | 116393135 | 16203105 |

**टारगेट दिया है**

कुछ ही दिनों पहले सहयक राजस्व अधिकारियों के वार्डों में फेरबदल किया है। राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए टारगेट दिया गया हैं, यदि कोई लापवाही करता हैं तो वेतन रोकने जैसी कार्रवाही की जायेगी। वैसे आज 13 सितंबर को लोक अदालत है, इसमें राजस्व वसूली में अच्छा सुधार की संभव है।

- सतीश मटसेनिया
सीएमओ नगरपालिका बैतूल

### जागरूकता शिविर का आयोजन

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में हुई 400 बच्चों की स्क्रीनिंग



**बैतूल।** पीएम श्री केंदीय विद्यालय बैतूल में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सिकल सेल एनीमिया की प्रारंभिक पहचान और इसके प्रति बच्चों में जागरूकता फैलाना था। इस शिविर में विद्यालय के 400 से अधिक छात्र-छात्राओं की स्क्रीनिंग की गई। बच्चों ने भाग लेते हुए अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। सिकल सेल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारिया भी प्राप्त की। स्क्रीनिंग में एक बच्चा सिकल सेल वाहक निकला। राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम 2047 के तहत कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी डॉ अंकिता सीते और उनकी टीम ने इस शिविर में सिकल सेल और एनीमिया से संबंधित जानकारी बच्चों को दी। बच्चों में सिकल सेल एनीमिया की समय पर पहचान करना करने को लेकर उसके लक्षण बताए। डॉ अंकिता सीते ने बताया कि शिविर में आनुवांशिक बीमारियों की जानकारी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों तक पहुँचाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि जांच ही बचाव है, इसका का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। समय पर जांच होने से बीमारी को नियंत्रित करने में आसानी होती है। इस शिविर में बैतूल सीएमएचओ डॉ मनोज हुरमाड़े,बीएमओ सेहरा डॉ केदार का मार्गदर्शन रहा । जिले में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए विभिन्न तरीके से कार्य किया जा रहे हैं ।खास तौर पर स्कूलों में बच्चों की स्क्रीनिंग के साथ ही उन्हें इस बीमारी के लक्षण बताए जा रहे हैं।

### अक्षता को मिली स्कूटी की सौगात



**बैतूल।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की कक्षा 12वीं की प्रतिभावान छात्रा अक्षता मालवीय को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्कूटी की सौगात दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा स्कूटी की राशि सीधे अक्षता के बैंक खाते में अंतरित की गई। इस उपलब्धि पर अक्षता ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उसे कॉलेज आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। अक्षता ने कहा कि स्कूटी मिलने से समय की बचत होगी और वह पूरी लगन से अपनी पढ़ाई जारी रख पाएगी। उन्होंने बताया कि अब तक कॉलेज पहुंचने में उसे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन मुख्यमंत्री की इस सौगात से उसकी समस्या का समाधान हो गया है। गौरतलब है कि अक्षता मालवीय ने इस वर्ष कक्षा 12वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें प्रोत्साहनस्वरूप स्कूटी की राशि प्रदान कर सम्मानित किया है।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति व एनीमिया अभियान के लिए शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

### 23 सितंबर को होगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस



**बैतूल।** बच्चों और महिलाओं को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए भीमपुर में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस और एनीमिया मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षकों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया ताकि दवाओं का वितरण सटीक और प्रभावी रूप से हो सके। यह पहल बच्चों और महिलाओं को स्वस्थ भारत के निर्माण में सशक्त बनाएगी। 12 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीमपुर के मंगल भवन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला एसडीएम भैंसदेही अजित मरावी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी विकासखंड भीमपुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी भीमपुर एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग भीमपुर उपस्थित रहे। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ दीपक निगवाल ने बताया कि 23 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत सभी स्वास्थ्य संस्थाओं शालाओं एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में एल्बेंडाजोल की दवा वितरित की जाएगी। इस दिन 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों एवं 20 वर्ष से 49 वर्ष तक की सभी महिलाओं को एक गोली एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त मॉप-अप राउंड 26 सितंबर को आयोजित किया जाएगा जिसमें छूटे हुए बच्चों एवं महिलाओं को दवा दी जाएगी। एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को प्रति सप्ताह दो बार 1 मिलीग्राम आयरन सायरप आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता के माध्यम से पिलाया जाएगा। विद्यालयों में पढऩे वाले बच्चों को प्रति सप्ताह एक बार आयरन की गोली दी जाएगी। कार्यशाला में सभी शिक्षकों को इन दोनों अभियानों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया ताकि दवा वितरण में किसी प्रकार की त्रुटि न हो।

### प्रभातपट्टन सीएचसी में मारपीट की घटना पर कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

**बैतूल।** प्रभात पट्टन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में हुई मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में बीएमओ डॉ. जितेन्द्र अत्रे पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज हुरमाडे ने बताया कि वायरल वीडियो की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. राजेश परिहार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। यह समिति पूरे घटनाक्रम की जांच कर एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। सीएमएचओ ने स्पष्ट किया कि जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद दोषी अधिकारी या व्यक्ति के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### पीआईसी की बैठक में लिया

# पार्कों में लगेंगे ओपन जिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

नगर पालिका परिषद सारनी में प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें तय एजेंडे के अनुसार विभिन्न 49 बिंदुओं पर चर्चा की गई। पीआईसी सदस्यों ने सभी प्रस्तावों को मंजूरी दी। नगर पालिका अध्यक्ष कक्ष में दोपहर 1 बजे से प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पीआईसी सदस्य, भीम बहादुर थापा, गणेश महस्की, भावना बंडू माकोड़े, रोशनी संदीप झपाटे, बेबी ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में पहुंच मार्ग, वार्ड 9 स्थित मठारदेव मंगल भवन में विस्तारीकरण कार्य, पाथाखेड़ा मछली मार्केट में पेवर ब्लाक, वार्ड 1, 3, 11, 26, 32 एवं 36 के पार्को में जिम उपकरण लगाने, विभिन्न वार्डों में स्ट्रीट लाइट, विभिन्न स्थानों पर सीमेंट बैंच क्रय पर विचार, विमर्श हुआ। इस मौके पर सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# नपा कर्मचारियों ने 65 आवारा मवेशियों को भेज गौशाला



**बैतूल।** नगर पालिका के 50 कर्मचारी और पांच सुपरवाइजर की टीम द्वारा आज दिनांक को 65 आवारा मवेशी नगर पालिका की कढ़ाई गौशाला में पहुंच गए यहां मवेशी हमलापुर रोड एवं गंज क्षेत्र से पकड़े गये थे।

# धर्म परिवर्तन किया तो मौत के बाद गांव वालों ने अंतिम संस्कार में शामिल होने से किया इनकार

### पीड़ित परिवार ने घर वापसी की खाई कसम फिर माने ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

ब्लॉक के कन्नडग़ांव में बीते दिनों यहां रहने वाली एक आदिवासी महिला लगभग 50 वर्ष का देहांत हो गया था, किंतु इस संवेदनशील मौके पर भी आदिवासी समाज और गांव के अन्य लोगों ने महिला के अंतिम संस्कार में शामिल होने से इंकार कर दिया। साथ ही पीड़ित परिवार को गांव के एकमात्र शमशान घाट के उपयोग पर भी रोक लगा दी। तब पीड़ित परिवार पर क्या बीती होगी और आखिर समाज और गांव के अन्य लोगों ने भी तमाम मानवीय पहलुओं को दरकिनार करते हुए आखिर ऐसा निर्णय क्यों लिया होगा। इस मामले की जानकारी मिलने पर जब मौके पर पहुंचे तो मृतिका के पुत्र राजाराम ने बताया कि आदिवासी समाज के लोगों को हम पर कई सालों से संदेह था कि हमने ईसाई धर्म अपना लिया है। जब परिवार के मुखिया की मौत हुई तो समाज के लोगों ने उनके घर आने से भी इंकार कर दिया और शव को गांव में दफनाने से भी मना कर दिया था। मृतिका के पुत्र के मुताबिक परिवार के अन्य सदस्य, जिसमें तीन पुत्री और दामाद भी शामिल है, इनके द्वारा बड़ा देव की कसम खाई गई और कहा कि हम फिर से आदिवासी समाज में शामिल हो रहे हैं, तब मृतिका का अंतिम संस्कार किया गया। बैतूल ब्लॉक का कन्नडग़ांव ग्राम पंचायत आदिवासी बाहुल्य पंचायत है, यहां लगभग 70 फ़ीसदी आदिवासी परिवार निवास करते हैं।

### ग्रामीणों ने कहा कौन सी कमी थी जो अपनाया ईसाई धर्म

इस मौके पर गांव के आदिवासी समाज सहित अन्य समाज के लोगों से भी बात की तो लोगों का कहना था कि ललिता के पति की मृत्यु कई साल पहले ही हो चुकी थी। ललिता द्वारा 5 वर्ष पहले ईसाई धर्म अपनाया गया था। ललिता और उसका परिवार दूसरे धर्म का ही पालन कर रही थी। गांव वालों के मुताबिक ललिता और उसके परिवार वाले गांव के किसी भी कार्यक्रम में भाग नहीं लेते थे, इस मौके पर ग्राम की सरपंच सविता सरयाम ने बताया कि वह एक आदिवासी सरपंच है, इन्होंने कहा कि मृतिका ललिता पाढर के किसी ईसाई मिशनरी के संपर्क में थी, उसका परिवार पूरी तरह से ईसाई हो चुका था, ऐसे में समाज के लोगों ने ही निर्णय लिया था कि आदिवासी से ईसाई बन चुके इस परिवार से अब कोई वास्ता नहीं रखा जाएगा।

### आदिवासी धर्म अपनाया, तब ग्रामीण हुए अंत्योष्टि में शामिल

ललिता के परिवार ने आदिवासी धर्म अपनाया है, घर वापसी की है। इसके बाद ग्रामीण ललिता की अंत्येष्टि में शामिल हुए थे। इस मौके पर गांव की पंच रेवती कवड़े कभी कुछ ऐसा ही कहना था। ग्राम के सचिव आशीष नागले का कहना है कि इस बारे में उन्हें जानकारी मिली थी। पंचायत में किसी भी तरह के जबरन धर्म परिवर्तन की हम निंदा करते हैं। पीड़ित परिवार को जो भी शासन की सहायता मिलना है, उसे तत्परता के साथ दिया जाएगा।

### जिले में ज्योति कलश यात्रा दे रही युग संदेश

# बैतूल बाजार पहुंचेगा कलश रथ



**बैतूल बाजार।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार में 100 वर्षों से प्रज्वलित अखंड दीप की शताब्दी एवं वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में बैतूल जिले में दिव्य ज्योति कलश यात्रा का जोरदार स्वागत किया जा रहा है। आज 13 सितंबर को प्रातः 9 बजे दिव्य कलश रथ बैतूल बाजार पहुंचेगा, जहां विभिन्न चौक-चौराहों पर भव्य स्वागत की तैयारी है। इसके बाद बघोली, गोंडीगौला, बारहवीं, सेलगांव, कोलगांव आदि स्थानों पर गुरुदेव का संदेश दिया जाएगा। जिला समन्वयक डॉ. कैलाश वर्मा ने सभी स्थानों पर अधिक संख्या में उपस्थित होकर दिव्य कलश व अखंड दीप के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है तथा सहयोग करने के लिए जिले की जनता का आभार माना है। आमला तहसील में भव्य आयोजनों के बाद कलश रथ यात्रा ने बैतूल तहसील के जावरा में प्रवेश किया। तहसील समन्वयक सुरेश पांसे के नेतृत्व में जावरा से खण्डारा, सोहागपुर, आरुल, बडोरा व बैतूल शहर में दिव्य अखंड दीप की महत्ता और माता भगवती देवी शर्मा के व्यक्तित्व से लोगों को परिचित कराया जा रहा है।

# अधिकारियों ने किया फसलों का निरीक्षण, किसानों को दी सलाह



**बैतूल।** भैंसदेही विकासखंड के ग्राम सिवनी, रामघाटी, बडगाव, डूडिया नई, कौडिया, भीवकुण्ड में अधिकारियों ने फसलों का निरीक्षण किया।

गांवों से सूचना मिल रही थी कि सोयाबीन फसल पर अतिवर्षा, जड़ सडन, पीला रोग, तना मक्खी के प्रकोप से फसल को काफी नुकसान हुआ। जिसके बाद कृषि विज्ञान केन्द बैतूल बाजार के पौध संरक्षण वैज्ञानिक आरडी बारपेटे एवं डॉ. आनंद बडोनिया उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा ग्राम सिवनी के कृषक अब्बादास एवं ग्राम बडगांव के संजय येवले एवं अन्य किसानों की सोयाबीन फसल का खेतों में पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि सोयाबीन फसल अतिवर्षा के कारण जड सडन और तना मक्खी के प्रकोप से फसल पीली दिखाई दे रही है। पीला रोग का प्रकोप नही देखा गया। सोयाबीन की फसल प्रभावित किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा के टोल फ्री नम्बर पर फोन करने की समझाइस दी गई। जिससे बीमित कृषको को बीमा योजना का लाभ मिल सकें। अधिकारियों ने किसानों को फसलों में कीट एवं व्याधियों के संक्रमण एवं उनके प्रबंधन की जानकारी दी। बताया कि सोयाबीन फसल में हरि अर्धकुण्डलक इल्ली, तम्बाकू की इल्ली, तना मक्खी आदि का प्रकोप प्राकृतिक रूप से कम होते हुए खत्म होगा। यह कीट अब चिंता का विषय नहीं है। फफूंदजन्य पर्णीचित्ती रोग, जड़ सडन, तना सडन आदि आरंभिक अवस्था में है। इन रोगों के प्रभावी प्रबंधन के लिए टेबूकोनाजोल सल्फर 25 ग्राम या पायरोक्लर ट्रोबिन$फ्लक्सा पायरोक्जाइड 0.75 मि.ली. प्रति लीटर पानी का छिडक़ाव करें।

SHRI RAM SHIKSHA PARISHAD
श्री राम फार्मेसी कॉलेज जामठी, बैतूल
Approved By: PCI New Delhi Affiliated By RGPV Bhopal

Diploma in Pharmacy
स्कॉलरशिप (SC/ST/OBC)
E लाइब्रेरी सुविधा
कैंपस प्लेसमेंट
डायरेक्टर: ध्रुव प्रकाश अग्रवाल, 9300974327, प्राचार्या:श्रीमती रोशनी खातरकर 8719926664
एडमिनिस्ट्रेटिव:अनिल गीद, 7999587435, संपर्क: दीपा पवार, 9302846996


## महिला आईटीआई में 20 सितंबर तक प्रवेश

**सीहोर।** शासकीय अम्बेडकर महिला आईटीआई सीहोर में संचालित एनसीव्हीटी,एससीव्हीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी पहले आओ पहले पाओ के अधार 20 सितम्बर तक प्रवेश ले सकते हैं। विद्यार्थी स्वेच्छा से किसी एक आईटीआई के किसी एक ट्रेड च्वाईस फिलिंग कर सकेगें। समस्त रजिस्टर्ड विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु च्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य है। च्वाईस लॉक करने के पश्चात संशोधन किया जाना संभव नही है,अतः विद्यार्थियों को सावधानी पूर्वक आईटीआई /व्यवसाय का चयन करना चाहिए। च्वाईस फिलिंग करने के पूर्व आईटीआई में व्यव्सायवार रिक्त सीटों की संख्या अवश्य जांच कर लेंवें। विद्यार्थी को प्रवेश के लिए 50 रूपये का भुगतान कर च्वाईस लॉक करना होगा,तत्पश्चात अलॉटमेंट लेटर प्रिंट कर सबंधित आईटीआई में प्रवेश हेतु समस्त दस्तावेज की मूल प्रति एवं दो सेट फोटो कॉपी सहित पहुंचकर वेरिफिकेशन उसी दिन कराना होगा। वेरिफिकेशन के पश्चात प्रवेश फीस का भुगतान कर प्रवेश स्लिप प्रिंट कर आईटीआई में जमा करना होगा।यदि विद्यार्थी द्वारा उपरोक्त प्रक्रिया को पूर्ण नही किया जाता है तो उनका अलॉटमेंट संस्था द्वारा अगले कार्यालयीन दिवस में दोपहर 02 बजे के पश्चात निरस्त कर रिक्त सीट अनुसार अन्य आवेदक को प्रवेश दिया जा सकेगा।

### ज्ञापन द्वारा कलेक्टर से की प्रक्रिया को सरल करते हुए नागरिकों को राहत देने की मांग

# कांग्रेस ने लीज नवीनीकरण मामले में सौंपा ज्ञापन, बताया शहरवासी परेशान

केन्द्र सरकार के बजट में प्रदेश और नर्मदांचल को क्या मिला इसकी जानकारी सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने प्रेस वार्ता कर बताई। उन्होंने कहा बजट में नर्मदा संरक्षण और कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता दी गई है। जिससे जिले की तस्वीर बदलेगी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर में नजूल पट्टों के नवीनीकरण की समस्या लंबे समय से है। जिसके निराकरण की मांग का एक ज्ञापन शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोहागपुर ने नर्मदापुरम् कलेक्टर के नाम सौंपा है।

सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी को सौंप गए ज्ञापन में उल्लेख है कि सोहागपुर में नजूल पट्टों का नवीनीकरण बड़ी समस्या है। वर्तमान में इससे नगर के 95 प्रतिशत लोग पीड़ति हैं। सोहागपुर नगर 1981-82 में नजूल घोषित किया गया था। तब तत्कालीन कमीश्नर सीपी बरार के नेतृत्व में सर्वे कराया गया व सर्वे रिपोर्ट नर्मदापुरम् कलेक्टर कार्यालय को भेजी गई। लेकिन अब रिपोर्ट के सबंध में किसी को कोई जानकारी नहीं है। और प्रशासन के द्वारा एक लंबे समय तक इस मामले मे कोई ध्यान नही दिया गया। इसके कारण नागरिकों उस समय पट्टे नहीं मिल पाये। अब शासन के द्वारा लीज नवीनीकरण के लिये पुराने पट्टों की मांग की जा रही है जो यहां के अधिकांश निवासियों के पास उपलब्ध नही हैं। कांग्रेस नेताओं के अनुसार यह शासन द्वारा की गई विसंगति है, जिसका खामियाजा पूरा सोहागपुर शहर भुगत रहा है। जिला मुख्यालय से शासन की रिपोर्ट उपलब्ध नहीं है और इसकी जानकारी प्रशासन के जबावदार अधिकारी नहीं देते हैं।

### ये रहे उपस्थित

ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आलोक जायसवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संतोष मालवीय, चंद्रकांत चौरसिया, मंगल सिंह रघुवंशी महेश साहू, नगर कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौधरी, नीरज चौधरी, अजीज खान, जमील खान, युवा कांग्रेस नेता ऋषभ दीक्षित, कार्तिक शर्मा, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष इरफान खान, आशीष चौरसिया, प्रकाश मालवीय, मोहन कहार, शफीक खान व अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

### नहीं मिल रही सुविधाएं

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आलोक जायसवाल सहित कांग्रेस नेताओं पुष्पराज पटेल, संतोष मालवीय आदि ने एसडीएम प्रियंका भल्लावी को बताया कि वर्तमान मे लीज के पुराने पट्टे नहीं होने के कारण शहरवासियों को व्यापार करने के लिये बैंक से संपत्ति पर लोन नहीं मिल पा रहा है। साथ ही नवीनीकरण नहीं होने के कारण शासन को करोड़ों रूपये के कर का नुकसान भी हो रहा है। अतः लीज नवीनीकरण के लिये शासन प्रशासन डोर टू डोर सर्वे कराए। अधिकांश लोगो के पास पुराने मूल पट्टे नहीं हैं। अतः इस स्थिति में आवेदन लेना औपचारिकता होगी और नागरिकों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतः प्रक्रिया को सरल करते हुये मूल पट्टे के बिना पुराने प्रकरण, खसरा नकल, रजिस्ट्री के आधार पर आरआई तथा पटवारी स्थल निरीक्षण करें। जिनके प्रतिवेदन की रिपोर्ट पर लंबित लीज नवीनीकरण प्रकरण स्वीकार किये जाएं।

## नवरात्र के पहले मूर्ति पंडालों के आसपास चलेगा सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्वास्थ्य विभाग के सभापति राकेश जाधव ने शुक्रवार को सिंधी कॉलोनी स्थित मूर्ति स्थापना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी वार्ड जमादारों को निर्देश दिए कि आगामी नवरात्र पर्व से पूर्व शहर के सभी पंडालों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाए।

जाधव ने कहा कि दशहरे तक प्रतिदिन पंडालों के आसपास साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही रविवार दोपहर बाजार क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने व्यापारियों से भी अपील की कि अभियान में सहयोग करें ताकि स्वच्छता व्यवस्था बाधित न हो।निरीक्षण के दौरान स्वच्छता प्रभारी मयंक अरोरा, संतोष तिवारी, कमलकांत बड़गोती, जगदीश पटेल तथा समिति सदस्य निखिल चेलानी मौजूद रहे।

## जिले में अब तक 937.5 एमएम औसत बारिश

**सीहोर।** जिले में 1 जून से 11 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 937.5 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 1013.5 एमएम थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 11 सितम्बर तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 863.3, एमएम, श्यामपुर में 879.0, आष्टा में 708.0, जावर में 690.6, इछावर में 867.3, भैरूंदा में 984.0, बुधनी में 1308.0 तथा रेहटी 1199.8 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।

## दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने वाली सरकारी जगह को किया बंद, समिति ने सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायकी ग्राम पंचायत तरौनकला मैं कुशवाहा मुहल्ले में कुशवाहा समाज के दारा कई वर्षों से नवरात्रि पर दुर्गा प्रतिमा स्थापित की जा रही है।जो सरकारी जगह पर मिट्टी की प्रतिमा रखी आतीहै। लेकिन इस वर्ष ग्राम वासियों ने अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबलअरजरिया जनपद पंचायतको आवेदन दिया है जिसमें बताया गयाहै कि मोहन लाल पिता हलकू कुशवाहा ने दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने बाली सरकारी जगह पर चबूतरा बना हुआ है उसे बंद कर दिया गया है।

लोगों ने पंडाल के लिए भूमि पूजन किया गया है।जगह भी सरकारी है । अतः आवेदन कर्ता बाबूलाल कुशवाहा, शिवकुमार जीवन सिंह धन सिंह राकेश कुशवाहा कमलेश कुमार खेमकरण,भाई जी पप्पू कुशवाहा ने आवेदन सोपा तथा तत्पश्चात रास्ता उपलब्ध कराई जा सकती हैं। एसी मांग की है।इस बारेमे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतकी प्रबल अरजरिया ने कहा कि यह मामला राजस्व विभाग का है। पंचायत को इस पर कार्यवाही करने की बात कही है।

## उमंग उत्सव के माध्यम से छात्रों की उभर रही प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरी हरचंद में उमंग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासन की मंशानुरूप छात्रों में छिपी प्रतिभा को उभारने के लिए उमंग उत्सव का आयोजन किया गया कार्यक्रम में ड्राइंग, पेंटिंग, क्राफ्टिंग एवं खेल गतिविधियों की पतियोगिताएं आयोजित की गई एवं विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के अध्यक्ष अशोक पटेल, शिक्षाविद गिरीश कुमार बडगोती ने अपने उद्बोधन के माध्यम से छात्रों को मार्गदर्शन दिया, विद्यालय की उप प्राचार्य विद्या सूर्यवंशी ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया।

## एरिया कांफ्रेंस में सम्मिलित हुई लीनेश क्लब के पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

लीनेश क्लब की एरिया कांफ्रेंस गत दिनों जबलपुर के समदड़िया होटल में संपन्न हुई। कांफ्रेंस में सोहागपुर लीनेश क्लब सहित नरसिंहपुर क्लब, जबलपुर क्लब व गाडरवारा क्लब के पदाधिकारी व अन्य सदस्य उपस्थित हुए। सोहागपुर लीनेश क्लब अध्यक्ष कल्पना रघुवंशी ने बताया कि कांफ्रेंस में सोहागपुर क्लब को बेस्ट क्लब का पुरुस्कार मिला। इसके अलावा सोहागपुर क्लब को बेस्ट एल्बम, बेस्ट स्क्रेबुक, बेस्ट कोषाध्यक्ष के पुरुस्कार भी मिले। कांफ्रेंस में सोहागपुर लीनेश क्लब से अध्यक्ष कल्पना रघुवंशी, सचिव नंदिनी साहू एवं कोषाध्यक्ष शालिनी चौहान सहित संगीता खनूजा, क्षमा दीवान, अर्चना खंडेलवाल, भावना खंडेलवाल, बबीता चौरसिया, अनीता चौधरी व अन्य सभी मेंबर्स उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं भी हुईं, जिनमें सोहागपुर क्लब सदस्यों ने सहभागिता की।

## सरकारी स्कूलों में सुविधाएं बढ़ाने शिक्षा विभाग ने शुरू किया 'एक पंखा पितरों के नाम' कार्यक्रम

**सोहागपुर।** सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों व शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए सुविधाएं बढ़ाने मप्र स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 'एक पंखा पितरों के नाम' अभियान शुरू किया गया है। जिसमें स्कूलों में स्टाफ या अभिभावक या समाजसेवी पंखे दान करेंगे। सोहागपुर बीआरसीसी राकेश रघुवंशी ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग का अभियान धीरे-धीरे सोहागपुर क्षेत्र में भी रंग ला रहा है। एवं इसकी शुरुआत शासकीय शिक्षकों ने ही अलग-अलग विद्यालयों में पंखे दान करते हुए की है। जानकारी अनुसार प्रवीण रघुवंशी प्राथमिक शिक्षक अजबगांव द्वारा प्राथमिक शाला रघुवंशीपुरा सोहागपुर में एक पंखा दान दिया गयाहै। प्राथमिक शिक्षिकाओं चंद्र कुमारी शर्मा व विमला सराठे एवं माध्यमिक शिक्षिका प्रीति साहू ने एक स्टैंड पंखा ईपीईएस मिडिल स्कूल मातापुरा को दान दिया है। शकील खान माध्यमिक शिक्षक ईपीईएस गर्ल्स स्कूल सोहागपुर द्वारा मिडिल स्कूल मातापुरा में एक सीलिंग पंखा दिया गया है। साक्षी साहू माध्यमिक शिक्षक व उनके पति सतीश साहू ने करनपुर मिडिल स्कूल के लिए दो सीलिंग पंखे, तीन ट्यूबलाइट, एक कूलर तथा लाइट फिटिंग की सामग्री उपलब्ध कराई है।

## आवास योजना की सूची में नाम नहीं होने पर की शिकायत

### गड़बड़ी का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

अंबेडकर वार्ड सोहागपुर निवासी महिला अमीना बी पत्नी स्व. शेख मुदीन ने प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में स्वयं का नाम नहीं होने पर नर्मदापुरम कलेक्टर सहित सोहागपुर एसडीएम एवं सोहागपुर नप सीएमओ को लिखित शिकायत की है। आवेदिका के आवेदन अनुसार अंबेडकर वार्ड में स्वयं की जमीन पर उसका कच्चा मकान है। उसने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन सूची में उनका नाम नहीं है। आवेदिका के अनुसार कई लोगों के नाम सूची में हैं, जबकि उसका नाम नहीं है और नाम हटाने का कारण नगर परिषद ने नहीं बताया है। जबकि आवेदिका ने आवेदन में वे सभी दस्तावेज जमा किए थे, जो अन्य लोगों ने भी जमा किए थे।

### हो रही गड़बड़ी

नागरिकों का कहना है कि सूची में कई धनाढ्यों के नाम नप सोहागपुर में स्वीकृति की स्थिति में हैं। जबकि उनके पास चौपहिया वाहन व कृषि भूमि हैं। दो-तीन मंजिला सुविधायुक्त पक्के मकानों में किराएदार रहते हैं। इन्हीं लोगों ने अन्यत्र खरीदे प्लाट पर आवास योजना का लाभ लेने झूठे शपथ पत्र दिये हैं। नप बिना शपत्र पत्र सत्यापन किये ही सूची में धनाढ्यों के नाम शामिल कर रही है। इससे स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार हो रहा है और नपकर्मी दबाव में कार्यरत हैं।

## शासकीय स्कूल में कक्षा 12वीं के 14 छात्र छात्राओं को हुआ स्कूटी का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्यप्रदेश सरकार एवं जिला शिक्षा अधिकारी के पत्रके अनुसार हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रथमस्थान पानेवाले छात्र-छात्राओं को निशुल्क ए स्कूटी आई स्कूटी प्रदाय किए जाने के निर्देश दिए गए। जिसके कार्यक्रम का आयोजन सांदीपनि विद्यालय में किया गया जिसमें पिपरिया विकासखंड के लगभग 14 छात्र-छात्राओंको शासनके द्वारा स्कूटी के 120000 रुपए तथा आई स्कूटीके रू 90000 छात्र-छात्राओं के खाते में प्रदान किए गए जिससे छात्र-छात्राओंने अपनीस्कूटी खरीद कर जनप्रतिनिधियों के द्वारा स्कूल के माध्यमसे प्राप्तकी है।



स्कूटी वितरणके कार्यक्रमकख आयोजन सांदीपनि विद्यालय केप्राचार्य संजीव दुबे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस एल रघुवंशी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल जनपद सदस्य कमला हीरालाल रघुवंशी,जमना रघुवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष शिक्षक मनीष जैन सहित अन्य सभी शामिल हुए लोगो की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को स्कूटी प्रदान की गई।

संजीव दुबे ने बताया शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा को 1तथा जिन स्कूलोंमें छात्र-छात्रा एक साथ पढ़ते हैं वहां पर दो स्कूटी अलग-अलग प्रदान की गई है। 75% से अधिक अंक लानेवालों को लैपटॉप की राशि रू 25000प्रदान की तथा कक्षा 12वीं में प्रथम आने वालोंको स्कूटी प्रधानकी गई है

## विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान मध्यभारत प्रारंभ

### प्रदेश संयोजक हरदीप सिंह नागपाल हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शहीद भगत सिंह महाविद्यालय परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्यभारत के प्रदेश संयोजक हरदीप सिंह नागपाल के नेतृत्व में विद्यार्थी परिषद मध्यभारत के नगर अध्यक्ष ब्लॉकअध्क्ष एवं सभीपदाधिकारी के दारा वर्ष 202526 हेतु सदस्यता अभियान चलायाजा रहा है। जिसके अंतर्गत सदस्यों से 5रूपे शुल्क जमा करने केबाद सदस्य की रसीद काटी जाती है। हरदीप सिंह नागपाल ने बताया कि प्रतिदिन कॉलेज परिसरमे कार्यकर्ताद्वारा अपनी बैठककी जाती है। जिसमें कॉलेज की छात्र-छात्राओंको किसी तरह की परेशानी होती है तो उन समस्याका निदान किया जाता है। इसी के साथ सदस्यों को भी तैयार किया जा रहा है।

वहीं दूसरी तरफ सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार कालेज में विषय बार प्रोफेसर पढ़ाई-लिखाई नहीं करा रहे हैं। सुबह मोबाइल पर अपने अंगुठे से उपस्थिती दर्ज कराई फिर पीछे से गोल हो जाते हैं। शाम को फिर उपस्थिति दर्ज कराने में सफल हो जाते हैं। विषय बार प्रोफेसर पढ़ाई-लिखाई नहीं करा पा रहे है। कागज़ों पर लगातार सभी की उपस्थिति दर्ज कराई जा रही है।इस बात पर कोई विचार नहीं कर रहे हैं।इस बात पर प्राचार्य डॉ राजीव महेश्वरी ने बताया प्रोफेसर पढ़ाई-लिखाई करा रहे हैं। सभी विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया है।

## बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है।

### काली पट्टी बांधकर सहकारिता कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

# सहकारिता समिति के कर्मचारियों की हड़ताल के चौथे दिन कलम बंद आंदोलन में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





मध्य प्रदेश सहकारिता कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। बार-बार हड़ताल और ज्ञापन के बाद भी उनकी मांगे पूरी नहीं हो रही है। सहकारिता कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर 8 सितंबर से 24 सितंबर तक पूरे प्रदेश में हड़ताल पर है। गुरूवार को हड़ताल के चौथे दिन सहकारिता कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बी एस चौहान भी कर्मचारियों की हड़ताल में शामिल हुए। सहकारिता कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताया। सीहोर जिले के समस्त सहकारिता समिति के प्रबंधक और कर्मचारी भी हड़ताल पर बैठे हुए हैं। कर्मचारियों की मांग है कि 60 प्रतिशत कर्मचारियों का जिला बैंकों में चयन तत्काल चयन होना चाहिए। साथ ही अक्टूबर 2023 से प्रति विक्रेता 18 माह का जो 54 हजार है जो मात्र 18 जिलों को मिला है लेकिन अभी भी 34 जिलों में भुगतान नहीं किया गया है। जिले के कर्मचारियों को तत्काल मिलना चाहिए। साथ ही सहकारिता कर्मचारियों ने अपनी मांग रखी कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी हम कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री आवास या विंध्याचल भवन का घेराव करेंगे। क्योंकि बार-बार अधिकारियों के द्वारा केवल हमें आश्वासन दिया जा रहा है। लेकिन हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों ने कहा है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

## भैंस चोरी के आरोपियों की गिरफ्तारी वाहन बरामद

सीहोर। पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले में चोरियों की रोकथाम एवं चोरी गए माल की बरामदगी हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत एवं एसडीओपी भेरूंदा के मार्गदर्शन में थाना इछावर पुलिस द्वारा दो शातिर भैंस चोरों को गिरफ्तार कर चोरी गई 02 भैंस, 01 पाड़ी तथा घटना में उपयोग किए गए 01 पिकअप वाहन को बरामद किया गया है। 9 सितंबर को फरियादी रामबाबू पिता मोतीसिंह निवासी ग्राम बावड़ियां गोसाईं, थाना इछावर द्वारा थाने में सूचना दी गई कि दिनांक 06.09.2025 की रात्रि लगभग 2:00 बजे उसके खेत से दो भैंस एवं एक पाड़ी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। प्रकरण में थाना इछावर में अपराध क्रमांक 284/25, धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**न्यायालय नजूल अधिकारी सोहागपुर**

रा.प्र.क्र. 0079/अ-20 (3) / वर्ष 2025-26

// उद्घोषणा //

आवेदक श्री रमेश प्रसाद बाथरे आ. स्व. श्री रामप्रसाद बाथरे निवासी अम्बेडकर वार्ड सोहागपुर तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक एवं अनावेदकगण आपस में एक ही परिवार के सदस्य है। सोहागपुर स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 24ए प्लाट नंबर 151 रकबा 184.00 वर्गमीटर भूमि नजूल अभिलेख में आवेदक एवं अनावेदकगणों के नाम से शामिल खाते में दर्ज है। पूर्व बंटवारा अनुसार उपरोक्त मकान रमेश प्रसाद के हिस्से में आया है एवं वही उस पर काबिज होकर निवास कर रहे है। आवेदक द्वारा माननीय व्यवहार न्यायालय सोहागपुर के आदेश के परिपालन में अम्बेडकर वार्ड पुराना सुभाष वार्ड सोहागपुर स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 24ए प्लाट नंबर 151 रकबा 184.00 वर्गमीटर भूमि पर आवेदक का नाम यथावत रखते हुए अनावेदकगणों का नाम निरस्त किये जाने का निवेदन किया है। अतएव सर्वसाधारण के सूचनार्थ यह प्रकाशित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 26/09/2025 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद के प्राप्त आपत्ति अथवा दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया जाता है।

**नजूल अधिकारी सोहागपुर**

## खबर संक्षेप



### खंडवा में 3.0 तीव्रता का भूकंप

**खंडवा।** खंडवा में शुक्रवार को सुबह 8 बजकर 47 मिनट 37 सेकंड पर 3.0 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार भूकंप का हाईपोसेंटर 5 किलोमीटर की गहराई पर था, जबकि भूकंप का केंद्र शहर से लगभग 21 किलोमीटर दूर कोहदड़ के पास टाकली गांव में स्थित रहा। हालांकि, टाकली गांव या जिले के अन्य हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस नहीं किए गए। इसी बीच शहर के मौसम में भी बदलाव देखने को मिला। सुबह से ठंडक बनी रही, जबकि दोपहर 12 बजे के बाद बारिश के हालात बन गए। शुरुआत में करीब आधे घंटे तक तेज बारिश हुई, उसके बाद रिमझिम बारिश का दौर दोपहर तक जारी रहा। इस बदलाव से मौसम का मिजाज खुशनुमा हो गया।

### टिमरनी में जिला स्तरीय शतरंज कल

**हरदा।** जिले के शतरंज प्रेमियों के लिए एक सुनहरा अवसर आया है। टिमरनी विकासखंड में पहली बार जिला चेस एसोसिएशन हरदा द्वारा शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का आयोजन 14 सितंबर रविवार को टिमरनी के नॉलेज पब्लिक स्कूल में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में होगी। जूनियर कैटेगरी में 15 वर्ष से कम आयु के सभी छात्राएं एवं सीनियर कैटेगरी में 15 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी छात्र अथवा नागरिक भाग ले सकता है। जिला शतरंज एसोसिएशन के संरक्षक एवं जिला कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि शतरंज खिलाड़ियों की याददाश्त, समय प्रबंधन और फोकस को बेहतर बनाता है। उन्होंने बताया कि शतरंज न केवल दिमाग की गति को तेज करता है, बल्कि खिलाड़ियों की एकाग्रता और अध्ययन क्षमता को भी मजबूत करता है। नियमित रूप से शतरंज खेलने वाले विद्यार्थी पढ़ाई में भी बेहतर प्रदर्शन करते हैं, क्योंकि उनका दिमाग जानकारी को व्यवस्थित करने और याद रखने का आदी हो जाता है।

### गोवंश की समस्या गंभीर हादसे में एक की मौत

**हरदा।** आवारा गोवंश की समस्या गंभीर होती जा रही है। नेशनल हाईवे और शहर के मुख्य मार्गों पर घूम रहे गोवंश से हादसे हो रहे हैं। बुधवार को दो अलग-अलग हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पहला हादसा अबगांव खुर्द के पास भुन्नास रोड पर हुआ। केंद्रीय विद्यालय से लौट रहे ऑटो के सामने अचानक मवेशी आ गया। ऑटो बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में प्रिंस राठौर को गंभीर चोटें आईं। उन्हें भोपाल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। एक अन्य युवक अभय गंभीर रूप से घायल हुआ। ऑटो में सवार अन्य दो-तीन लोगों को मामूली चोटें आईं। दूसरा हादसा बुधवार रात को नेशनल हाईवे पर तलाई टप्पर के पास हुआ। एक गाड़ी ने तीन गोवंश को कुचल दिया। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस समस्या को लेकर श्री बजरंग सेना संगठन ने गुरुवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को ज्ञापन दिया।

### शराब के अवैध विक्रय के 6 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी ए. एस. बघेल एवं श्री डी एस चौहान के नेतृत्व में आबकारी विभाग के दल ने गुरूवार को मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन की रोकथाम हेतु छापामार कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी श्री भोजने ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने जिले के ग्राम बेड़ी, उंढाल व नयापुरा में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 16 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब, 31 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 470 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 6 प्रकरण दर्ज किये गये तथा 2 स्थानों पर खाली तलाशी दर्ज की गई।

## जिले की 93497 लाड़ली बहनों के खाते में 11.39 करोड़ रुपए की राशि अंतरित

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाडली बहनों के खाते में राशि अंतरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में झाबुआ जिले के पेटलावद से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजनान्तर्गत प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में 28वीं किश्त के 1541 करोड़ से अधिक राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत प्रदेश के 53.48 लाख से अधिक पेंशन हितग्राहियों के खातों में 320.89 करोड़ से अधिक राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के एलपीजी कनेक्शनधारी उपभोक्ता एवं गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पंजीकृत लाड़ली बहनों एवं विशेष पिछड़ी जनजाति की आर्थिक योजनान्तर्गत पंजीकृत 31 लाख से अधिक बहनों के खातों में 450 रूपये के मान से गैस रिफिल की 48 करोड़ से अधिक की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण भी किया। इस अवसर पर हरदा में जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीडीपीओ हरदा



अनुराग दुबे सहित विभागीय अधिकारी व लाड़ली बहनाएं उपस्थित थी। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। इसके अलावा तहसील व पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पेटलावद में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले की 93497 महिलाओं के बैंक खातों में 11.39 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की। इस दौरान जनपद पंचायत हरदा की 23743, जनपद पंचायत खिरकिया की 22955, जनपद पंचायत टिमरनी की 25955, नगर पालिका हरदा की 11662, नगर परिषद खिरकिया की 3550, नगर परिषद सिराली

## प्राचार्य को 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपकर समस्याओं को उठाया

# अभाविप ने किया पीएम श्री कॉलेज में छात्रों को सुविधाएं देने को लेकर प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को पीएम श्री कॉलेज में छात्र सुविधाओं को लेकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य को 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। नगर मंत्री शुभम ढोके के नेतृत्व में एबीवीपी ने कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। इनमें अलग गर्ल्स कॉलेज की स्थापना, एनसीसी यूनिट की शुरुआत और बाहरी व्यक्तियों के कॉलेज में प्रवेश पर रोक शामिल हैं। छात्राओं ने वॉशरूम में साफ-सफाई, पानी और सैनिटरी पैड की व्यवस्था न होने की शिकायत की। कार्यकर्ताओं ने कॉलेज में सुरक्षा गार्ड की नियमित व्यवस्था, विद्यार्थी पहचान पत्र की अनिवार्यता और कक्षाओं का महापुरुषों के नाम पर नामकरण की मांग की। साथ ही इंडोर-आउटडोर मैदान, विवेकानंद की मूर्ति पर छत्री और एकल शिफ्ट में कॉलेज संचालन की मांग भी रखी।

**प्राचार्य ने समाधान का आश्वासन दिया**-प्राचार्य डॉ. संगीता बिले ने स्थानीय स्तर की समस्याओं के तत्काल समाधान का आश्वासन दिया। एनसीसी यूनिट और गर्ल्स कॉलेज जैसी शासन स्तर की मांगों को वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने की बात कही। एबीवीपी ने 7 दिनों में समस्याओं का समाधान न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। प्रदर्शन में जतिन चौहान, राजेंद्र बिल्लोरे, आभास जोशी, रूद्र सिंह तोमर, रणजीत भाटी, निशा, प्रीति, सौम्य, अनमोल, विकास दानिश, निकुंज शर्मा, महक नायक और आर्यन गौर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 2 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए




रहटगांव। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गुरुवार को कक्षा 12वीं के मेधावी छात्रों को स्कूटी वितरित की। रहटगांव बालक हाई सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक श्रवण जोशी द्वारा मंच संचालन करते हुए बताया गया। दो छात्र-छात्राओं को वितरण किया गया। छात्रा ग्रेसी सिसोदिया, छात्र सुजल विश्वकर्मा को जनप्रतिनिधि द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किए गए। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष गया प्रसाद पांडे, जिला मंत्री सपना अग्रवाल, रहटगांव मंडल महामंत्री रामकृष्ण सोलंकी, निलेश कुमार गौर,शाला प्रभारी सिद्धार्थ जोशी, उमेश बेस, शंकर सेजकर, ध्रुव गौर, सुंदरलाल कुल्हारे, कविता जगनवार, प्रदीप शर्मा, उर्मिला चौहान, चंद्रकांत तिवारी, समीक्षा गौर, राकेश गौर एवं समस्त शिक्षक एवं पालक मौजूद रहे। पेट्रोल स्कूटी के लिए विद्यार्थियों को 90,000 तथा ई-स्कूटी के लिए 1,20,000 की राशि उनके खातों में भेजी गई है। इसी क्रम में शासकीय कन्या शाला टिमरनी की दो होनहार छात्राएँ कुमारी राधिका एवं कुमारी पूनम को स्कूटी राशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। यह पत्र पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र शर्मा, भाजपा जिला मंत्री श्रीमती निशा सुनील दुबे, पार्षद प्रीति बंसल एवं पार्षद सुनील दुबे द्वारा सौंपे गए। इस अवसर पर प्राचार्य दिनेश सोनी भागवत कटारे सुचिता दुबे मुकेश तिवारी महेंद्र राय शाहिद और शिक्षक गण एवं छात्राएं मौजूद थी साथ ही बालिकाओं के पालको का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा अन्य योजनाओं के अंतर्गत भी राशि अंतरित की गई।

## ध्यान साधना और सकारात्मक सोच हो

### छात्रों को मानसिक शांति व आत्मविश्वास विकसित करने की जरूरतः अरोड़ा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोहणी में उमंग इमोशनल वेल-बिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में न्यायपीठ बाल कल्याण समिति खंडवा के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, वहीं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहन पावन अरोड़ा विशेष अतिथि रहीं। मुख्य वक्ता प्रवीण शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किशोरावस्था में भावनात्मक उतार-चढ़ाव स्वाभाविक हैं, लेकिन उन्हें सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए आत्म-अनुशासन, संतुलन और सजगता बेहद आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए ग्राम रोहिणी का विशेष उल्लेख किया और कहा कि यह अधिनियम बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक मजबूत ढाल है। उन्होंने आगे कहा कि मोबाइल और गैजेट्स का अति-उपयोग विद्यार्थियों को भावनात्मक रूप से कमजोर कर रहा है, इसलिए इसका संयमित प्रयोग करना चाहिए। विशेष अतिथि बहन पावन अरोड़ा ने विद्यार्थियों को ध्यान साधना और सकारात्मक सोच के माध्यम से मानसिक शांति एवं आत्मविश्वास विकसित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आंतरिक शक्ति के विकास से किशोरावस्था की चुनौतियों को सहजता से पार किया जा सकता है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भावनात्मक रूप से सशक्त बनाना और उनके समग्र विकास की ओर प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का संचालन यादव सर ने किया तथा समापन सत्र में विद्यालय प्राचार्य मधुसूदन शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

नियम विरुद्ध इलाज करने की शिकायतों पर कार्रवाई

## 15 डॉक्टरों को डिग्री चेक कराने के स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए नोटिस

**खिरकिया ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीबीएमओ डॉक्टर शैलेन्द्र ओरिया ने बताया कि खिरकिया क्षेत्र में अब तक 15 चिकित्सकों को नोटिस जारी किए गए हैं जिसमें उनसे यह पूछा गया है कि इलाज की पद्धति के संबंध में दस्तावेज कार्यालय में जमा कराया जाए किस डॉक्टर के पास कौन सी डिग्री है इस संबंध में भी दस्तावेज पांच दिनों की समय सीमा के बीच संबंधित कार्यालय में उपलब्ध कराए जाए । ओरिया ने बताया कि जल्द ही क्षेत्र के सभी डॉक्टरों को नोटिस जारी कर दिए जाएंगे इसके बाद सभी चिकित्सकों की लिस्ट भी उपलब्ध करा दी जाएगी जिनको नोटिस जारी हुए हैं । ग्रामीण इलाकों में बिना डिग्री के और शहरी क्षेत्र में आयुर्वेद उपचार पद्धति की डिग्रियां लेकर दर्जनों दवाखाने लंबे समय से चल रहे हैं। तहसील मुख्यालय खिड़कियां मुख्यालय पर ही कई कॉलोनियों में दूसरों के लाइसेंस पर मेडिकल स्टोर्स चल रहे हैं। एचएएमएस की डिग्री वाले डॉक्टर एलोपैथिक पद्धति से इलाज कर रोगियों को बोतल इंजेक्शन लगा कर दवाएं दे रहे हैं। जिनके खिलाफ अभी तक सीएमएचओ ने कार्रवाई नहीं की। बीते दिनों हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन तक ऐसी गोपनीय सूचनाएं पहुंचने के बाद टीएल की बैठक में सीएमएचओ डॉ. एचपी सिंह को ऐसी सभी दवाखानों की जांच और कार्रवाई की सख्त हिदायत दी थी इसके बाद जांच पड़ताल शुरू हुई है। जिससे सस्ते इलाज के नाम पर लोगों की जान से किए जा रहे खिलवाड़ को रोका जा सके । दवा बेचकर मुनाफा कमाने के लिए साथ ही मेडिकल स्टोर्स भी खोल लिए हैं, जो उनके परिजन संचालित करते हैं।

### इनका कहना है...

15 चिकित्सकों और दवाखाना को नोटिस जारी किए गए हैं बाकी सभी को भी एक-दो दिन में नोटिस जारी हो जाएंगे । डिग्री के दस्तावेज संबंधित चिकित्सकों से मंगाए गए हैं 5 दिनों की समय सीमा दी गई है । दस्तावेज आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ शैलेंद्र ओरिया , सीबीएमओ स्वास्थ्य विभाग खिरकिया**

## ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज

## ओंकारेश्वर में रिवर्स लेने वाली कार ने मासूम बच्ची को कुचला, मौके पर ही मौत

**खंडवा ।** ओंकारेश्वर में शुक्रवार दोपहर एक दुखद हादसा हो गया। यूपी से आए एक श्रद्धालु की कार रिवर्स लेते समय ढाई वर्षीय सिया नामक मासूम बच्ची को पीछे के पहिए से कुचल दिया। बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना हाट बाजार क्षेत्र में हुई। मौके पर मौजूद परिजन बच्ची की मौत से बेहद आक्रोशित हो गए और हंगामा कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने कार को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया। मांधाता थाना प्रभारी अनोखसिंह सिंदया ने बताया कि गाड़ी और चालक दोनों को पुलिस कस्टडी में लिया गया है। बीएनएस की धारा 106 और 281 के तहत गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। सिविल अस्पताल ओंकारेश्वर के डॉ. रवि वर्मा ने बताया कि बच्ची को मृत अवस्था में अस्पताल लाया



गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। बच्ची सिया का परिवार मूल रूप से धरमपुरी का रहने वाला था और वर्तमान में ओंकारेश्वर में रह रहा था। सिया के पिता ऑटो ड्राइवर हैं। इस दुखद घटना ने पूरे क्षेत्र में गहरा शोक और आक्रोश फैला दिया है।

## नर्मदापुरम से आई संभागीय प्रयोगशाला

## चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ने हरदा में विक्रेताओं से फलों के नमूने लिए

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में नर्मदापुरम से आई संभागीय चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ने शुक्रवार को हरदा की फल तथा सब्जी मंडी में फलों की जांच की तथा सभी व्यापारियों को जागरूक किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि इस दौरान आबिद खान से पपीता, मोहम्मद जाफर से सेब, मोहम्मद सफदर से केला तथा ब्रजलीला (कमलेश अहूजा) से केला व अनार के सैम्पल लेकर जांच की गई। सभी जांच मानक पाई गई। इसके बाद बाबूलाल महेश कुमार मुंद्रा से तुअर डाल, मूंगदाल व चावल, श्री गजानंद किराना मर्चेंट से मूंगफली दाना, मसूर दाल, मूंग दाल, धनिया पाउडर, मिर्च पाउडर व हल्दी पाउडर, खिलाडी मल परमानंद किराना से चना, बरबटी, खड़ी मसूर, काबुली चना व राजमा, होटल शाही महल से बेसन लड्डू,



मिल्क केक, मावा, गुलाबजामुन व जलेबी तथा नानकराम किराना से सेंपल लेकर सभी सेंपल की जांच की गई। इसके अलावा बाबूलाल महेश कुमार मुंद्रा से वनस्पति तेल का लीगल सेंपल लिया गया। कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले, केमिस्ट हेमंत कीर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर के निर्देश पर रक्तदान शिविर का आयोजन

## बैंक ऑफ इंडिया की शाखा पर आयोजित रक्तदान शिविर में 42 यूनिट रक्त संग्रहित



**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशानुसार जिले में रक्तदान शिविरों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. अतुल माने ने बताया कि स्वयंसेवी संस्थाओं एवं विभिन्न विभागों के सहयोग से समय-समय पर रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को बैंक ऑफ इंडिया आनंद नगर शाखा में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में बैंक स्टाफ और प्रबंधक विश्वरंजन वर्मा सहित अन्य कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस महत्वपूर्ण शिविर में कुल 42 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। डॉ. अतुल माने ने बताया कि मानव शरीर में औसतन 4.5 से 5 लीटर रक्त होता है। पुरुषों में प्रति किलो 76 मिलीलीटर तथा महिलाओं में 66 मिलीलीटर रक्त पाया जाता है। सुरक्षित रूप से अधिकतम 8 मिलीलीटर प्रति किलोग्राम रक्त लिया जा सकता है, जो सामान्यतः 300-400 मिलीलीटर होता है। डॉ. माने ने बताया कि शरीर इस रक्त की कमी को शीघ्र ही पूरा कर लेता है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति जिसकी आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो और वजन 45 किलो से अधिक हो, रक्तदान कर सकता है। सामान्यतः एक व्यक्ति हर 3 महीने में यानी एक वर्ष में 4 बार रक्तदान कर सकता है। यह अभियान जिले में स्वास्थ्य और समाज सेवा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

## सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से



**रहटगांव।** ग्राम बालागांव में शुक्रवार को भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा हुई। जिला उपाध्यक्ष जगदीश सोलंकी ने कार्यक्रम की जानकारी दी। सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू होगा। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर समाप्त होगा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता समाज के बीच जन-कल्याणकारी कार्य करेंगे। मंडल अध्यक्ष नरेंद्र भाटी ने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में निष्ठा से भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने सेवा पखवाड़े को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष नवनीत पाराशर, नेकराम शर्मा और मंडल महामंत्री राजेश शर्मा उपस्थित थे। कोषाध्यक्ष मुकेश राठौर और उपाध्यक्ष रामदीन गौर भी मौजूद रहे। बैठक का संचालन भगवानदास गौर ने किया। आभार अरुण राजपूत ने व्यक्त किया।

## एक हजार किसान एकत्रित हुए

## 50 ट्रैक्टर के साथ रैली निकाली फसल बीमा और मुआवजा मांगा



**खंडवा।** फसल बीमा और खराब फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर संयुक्त कृषक संगठन के बैनर तले बड़ी ट्रैक्टर रैली निकाली । दोपहर 2 बजे तक पंधाना रोड स्थित सब्जी मंडी में लगभग एक हजार किसान एकत्रित हो गए, जिनमें से 50 ट्रैक्टर अपने साथ लेकर आए। सब्जी मंडी के मंडी शेड में जनसभा की। ट्रैक्टर रैली की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने शहर के कई महत्वपूर्ण स्थानों पर बैरिकेडिंग की और जिले भर से अतिरिक्त फोर्स बुलाया गया। किसान रैली पंधाना रोड स्थित सब्जी मंडी से प्रारंभ होकर मानसिंह मिल तिराहा, जलेबी चौक, नगर निगम, घंटाघर, बॉम्बे बाजार, केवलराम चौराहा, बस स्टैंड, ओवर ब्रिज, इंदिरा चौक होते हुए सिविल लाइन स्थित स्टेडियम पहुंची। स्टेडियम ग्राउंड पर किसान संघ के द्वारा प्रदर्शन और जोरदार नारेबाजी की गई। इसके बाद कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें फसल बीमा, खराब फसलों के उचित मुआवजे की मांग की गई।